UA-2005

UA-2005

First Year B. A. (Sem. - I) Examination

March/April – 2012

Foundation Compulsory Hindi

(भाषा साहित्य कौशल – 1)

Time : Hours] [Total Marks : **70**

सूचना

નીચે દર્શાવેલ ☛ નિશાનીવાળી વિગતો ઉત્તરવહી પર અવશ્ય લખવી.
Fillup strictly the details of ☛ signs on your answer book.

Name of the Examination :
☛ **F. Y. B. A. (SEM. - I)**

Name of the Subject :
☛ **Foundation Compulsory Hindi**

☛ Subject Code No. : **2 0 0 5** ☛ Section No. (1, 2,.....) : **Nil**

Seat No. :

Student's Signature

१ "'पंचवटी' काव्य लिखने के पीछे गुप्तजी का उद्देश्य रामभक्ति का गान करना नहीं है, परन्तु लक्ष्मण के चरित्र की महानता प्रस्तुत करना नही है" – कथन की योग्यता सिद्ध कीजिए । १७

अथवा

१ "'पंचवटी' एक सफल खण्ड काव्य है" – कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

२ टिप्पणी लिखिए । १८

(१) राम का चरित्र ।

अथवा

(१) शूर्पणखा का चरित्र ।

(२) 'पंचवटी' की भाषा–शैली ।

अथवा

(२) 'पंचवटी' का शीर्षक ।

३ (अ) निम्न गद्यांश का एक–तिहाई भाग में संक्षेपण कीजिए और योग्य शीर्षक दीजिए । ९

"मनुष्य सुख की खोज आदिकाल से कर रहा है और इसी की प्राप्ति उसके जीवन का मुख्य उद्देश्य रहा । दुःख से वह इतना घबराता है कि इस जीवन में ही नहीं आनेवाले जीवन के लिए भी ऐसी व्यवस्था करना चाहता है कि वहाँ भी सुख का उपभोग कर सके । जन्नत और स्वर्ग,

मोक्ष और निर्वाण सब उसी आकांक्षा की रचनाएँ हैं । सुख की प्राप्ति के लिए ही हमने जीवन को निस्सार और संसार को अनित्य कह कर अपने मन को शांत करने की चेष्टा की है । जब जीवन में कोई सार नहीं है तो क्यों न इनसे मुँह मोडकर बैठें ? लेकिन हम क्यों दु:खी होते हैं, वह कौन–सी मनोवृत्ति हैं जो हमें दु:खी करती है, उस पर हमने विचार नहीं किया ।''

(ब) पल्लवन कीजिए । ९

''पराधीनता मनुष्य का सबसे बडा अभिशाप है ।''

४ अपने छोटे भाई को पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद का महत्व समझाते हुए पत्र लिखिए । ७

अथवा

४ युनिवर्सिटी की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने की खुश–खबरी देता हुआ पत्र अपने पिताश्री को लिखिए ।

५ निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्न के उत्तर लिखिए । १०

(१) पंचवटी प्रबन्धकाव्य किसने लिखा है ?
 (A) सियारामशरण गुप्त
 (B) प्रसादजी
 (C) मैथिलीशरण गुप्त

(२) पंचवटी में किसका रमणीय और मनोहारी चित्रण हुआ है ?
 (A) प्रणय का
 (B) प्रकृति का
 (C) अयोध्यानगरी का

(३) 'पंचवटी'में प्रधान रूप से किसका चरित्र उभारा गया है ?
 (A) राम
 (B) लक्ष्मण
 (C) भरत

(४) शूर्पणखा किसकी बहन थी ?
 (A) कुंभकर्ण
 (B) रावण
 (C) मारीच

(५) रावण किस देश का राजा था ?
 (A) श्रीलंका
 (B) लंका
 (C) आसाम

(६) प्रातःकाल पंचवटी में से बाहर आयी हुई सीता कैसी दिखती थी ?

(A) देवी–सी

(B) अप्सरा–सी

(C) उदित उषा–सी

(७) रात्री के समय लक्ष्मण के सामने प्रस्तुत हुई शुर्पणखा के हाथ में क्या था ?

(A) तलवार

(B) खोपडियों की माला

(C) सुंदर वरमाला

(८) पंचवटी के बाहर रात के समय प्रहरी लक्ष्मण किसका स्मरण कर रहे थे ?

(A) उर्मिला का

(B) छोटे भाई भरत का

(C) बडे भाई राम का

(९) पंचवटी के बाहर पहरा दे रहे लक्ष्मण कैसे दिखते थे ?

(A) निर्दोष बालक से

(B) वीर योद्धा से

(C) तरुण तपस्वी से

(१०) कैकेयी के बेटे का नाम क्या था ?

(A) राम

(B) लक्ष्मण

(C) भरत ।